>

Title: Need to pay compensation to the family of those killed in collapse of water tank in Sagar Railway Station, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर): महोदय, टच एण्ड फील योजना के अन्तर्गत रेलवे द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर बहुत से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सागर स्टेशन पर भी इस योजना के अन्तर्गत बहुत से कार्य रेलवे द्वारा कराए जा रहे हैं। सागर स्टेशन पर प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर 10 अगस्त को निर्माणाधीन वाटर टेप की दीवार गुणवत्ताविहीन, गलत डिजाइन से बनी होने के कारण और निर्माण में हल्के मैटेरियल का प्रयोग होने के कारण, ढह गयी जिससे वहां बैठी हुई दो बच्चियां दब कर तुरन्त खत्म हो गयीं। ऐसे दस-बारह और वाटर टेप वहां बन रहे हैं। इस संबंध में जब मैं उस स्थल पर निरीक्षण करने गया और मैंने एक स्टैंड पर हाथ लगाया तो वह स्टैंड भी तुंत गिर गया। रेलवे के अधिकारियों की उदासीनता इससे प्रकट होती है कि मृतक बच्चियों को उनके परिवार तक भिजवाने की व्यवस्था रेलवे द्वारा नहीं की गयी और न ही उन्हें किसी प्रकार की आर्थिक सहायता दी गयी।

अतः मैं आपके माध्यम से अनुरोध करूंगा कि रेल मंत्रालय द्वारा रेलवे के अन्तर्गत होने वाली दुर्घटनाओं पर जिस प्रकार से मृतकों के परिवार वालों को आर्थिक सहायता दी जाती है, उसी प्रकार इस घटना में भी मृतक बच्चियों के परिवारों को आर्थिक सहायता देने की व्यवस्था करनी चाहिए। साथ ही जिस ठेकेदार द्वारा यह निर्माण कार्य किया गया है, उसके खिलाफ भी कार्यवाही होनी चाहिए।